# हरियाणा सरकार

# अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

की

वर्ष 2016-2017

की

# वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

**Review of the working of Archives Department**
**for the year 2016-17**

During the period under report, the Department continued to perform its functions acquire, service and preserve for posterity public and private records of administrative, historical, economic, political, social, religious and cultural values .

During the year 2016-17 , the Department surveyed and appraised the records of the office of the Commissioner Gurugram Division, Gurugram; District Social Welfare Officer, Jhajjar; District Social Welfare Officer, Rewari; District Social Welfare Officer, Rohtak; District Social Welfare Officer, Jind; District Social Welfare Officer, Bhiwani; District Social Welfare Officer, Hisar; Managing Director Financial Corporation, Haryana, Chandigarh, Controller Printing & Stationary Department, Chandigarh; Additional Commissioner and Chief Executive Officer, Jind .

Department acquired two files from the office of the Director & Special Secretary, Rural Department, Haryana, Chandigarh.

Department provided research facilities to 21 research scholars.

Department organised 12 exhibitions on occasion of Haryana Swaran Jayanti Year at various places in the State to inculcate archival consciousness among the public and students.

Department is well represented at all National Archival and Historical Institutions.

3.1.19
(Dheera Khandelwal)
Additional Chief Secretary to Government,
Haryana, Archives Department

## अभिलेखागार विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2016-17 के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान में विभाग प्रशासनिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों की प्राप्ति, सम्भाल एवं चिरकाल तक उनके संरक्षण के कार्यों को करता रहा है ।

वर्ष 2016-17 के दौरान विभाग ने आयुक्त गुरूग्राम मंडल, गुरूग्राम; जिला समाज कल्याण अधिकारी, झज्जर; जिला समाज कल्याण अधिकारी, रेवाड़ी; जिला समाज कल्याण अधिकारी, रोहतक; जिला समाज कल्याण अधिकारी, जींद; जिला समाज कल्याण अधिकारी, भिवानी; जिला समाज कल्याण अधिकारी, हिसार; मेनेजिंग डायरेक्टर फाइनेनशियल कारपोरेशन, हरियाणा, चण्डीगढ़ के अभिलेखों का सर्वेक्षण तथा मूल्यांकन किया गया ।

विभाग ने निदेशक एवं विशेष सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़ के कार्यालय से दो फाईलें अवाप्त की ।

विभाग ने 21 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की ।

विभाग ने आम जनता में विशेषकर विद्यार्थियों में अभिलेखों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से राज्य में विभिन्न स्थानों पर हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में 12 अभिलेखीय प्रदर्शनियों का आयोजन किया ।

विभाग का सभी राष्ट्रीय अभिलेखीय एवं ऐतिहासिक संस्थाओं में अच्छा प्रतिनिधित्व रहा है ।

(धीरा खण्डेलवाल) 3.1.19
अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
अभिलेखागार विभाग ।

# अभिलेखागार विभाग हरियाणा
## वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2016-2017

अभिलेखागार हमारी सांस्कृतिक सम्पदा का कोष है । यह उस नदी की तरह है, जहां से इतिहास प्रवाहित होता है । इतिहास लिखने व लिखित इतिहास को ढूंढने तथा भावी योजना बनाने के लिए केवल अभिलेखागार ही सामग्री उपलब्ध कराता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार, हरियाणा के क्षेत्रीय इतिहास, जो अभी तक अधूरा व अनदेखा रहा है, शोध की उन्नति के लिए उत्कृष्ट भूमिका अदा करता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार का मुख्य कार्य ऐतिहासिक, प्रशासनिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के सरकारी व निजी अभिलेखों को प्रशासनिक एवं ऐतिहासिक शोध सुविधाओं के लिए प्राप्त करना, उनका सही रख-रखाव व चिरकाल तक उन्हें सुरक्षित रखने हेतु उनकी व्यवस्था करना है । यह विभाग सरकारी अभिलेखों के सम्बन्ध में उनके संरक्षण एवं निःसरण के लिए सभी गतिविधियों में तालमेल एवं मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है कि स्थायी महत्व के अभिलेख नष्ट न हों । इसके अतिरिक्त विभाग मौखिक इतिहास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के स्वतंत्रता सैनानियों एवं प्रमुख व्यक्तियों के संस्मरण भी टेप रिकार्ड करता है ।

1 नवम्बर, 1966 को पंजाब राज्य के पुनर्गठन व हरियाणा राज्य के सृजन के समय हरियाणा राज्य में अभिलेखागार विभाग स्वतन्त्र विभाग के रुप में कार्य नहीं कर रहा था जिसके कारण सरकारी व निजी अभिलेखों के रख-रखाव की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा सका । तत्पश्चात् वर्ष 1969 में राज्य में पुरातात्विक व अभिलेखीय गतिविधियों को सम्पन्न करने के उद्देश्य से पुरातत्व इकाई की स्थापना की गई । बाद में हरियाणा सरकार ने वर्ष 1973 में मात्र 7 पदों की स्वीकृति के साथ राज्य में अभिलेखागार विभाग स्थापित करने की दिशा में प्रथम कदम उठाया । परन्तु यह पद शीघ्र भरे न जा सके । उप निदेशक अभिलेखागार के पद पर केन्द्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर एक अधिकारी को लेकर वर्ष 1976 में विधिवत् रुप से राज्य में अभिलेखागार विभाग की स्थापना हुई तब से लेकर यह विभाग निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है । मुख्यालय पर बढ़ती अभिलेखीय गतिविधियों के बोझ को कम करने की दिशा में विभाग ने वर्ष 1986 में मण्डल स्तर पर क्रमशः

अम्बाला व हिसार में क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की । राज्य में रोहतक व गुरूग्राम को मण्डल का दर्जा मिलने के पश्चात् विभाग ने वर्ष 1997 में इन दोनों स्थानों पर भी क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की ।

वर्ष 2014 में स्टॉफ की कमी व अत्यधिक किराये के कारण क्षेत्रीय अभिलेखागार गुरूग्राम का कार्यालय अस्थाई तौर पर गुरूग्रा मसे क्षेत्रीय अभिलेखागार रोहतक मण्डल, रोहतक में स्थानांतरित कर दिया गया ।

अभिलेखागार विभाग सरकार के स्तर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में कार्य करता है । निदेशालय स्तर पर महानिदेशक विभागाध्यक्ष हैं । ये दोनों अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा से हैं ।

वर्ष 2016-2017 की अवधि के दौरान सरकार के स्तर पर इस विभाग का कार्यभार श्री अनिल विज, अभिलेखागार मंत्री के पास रहा है । श्री विजय वर्धन, भा0प्र0से0 दिनांक 20.10.2016 तक विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव रहे तथा शेष अवधि के दौरान डा0 श्रीमति सुमिता मिश्रा, भा0प्र0से0 विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव रही है । रिपोर्टाधीन अवधि से विभाग के महानिदेशक का कार्यभार श्री प्रदीप कासनी, भा0प्र0से0 के पास दिनांक 31 मई 2016 तक रहा तथा दिनांक 6 जून 2016 से शेष अवधि के दौरान अभिलेखागार विभाग के महानिदेशक का कार्यभार श्री प्रवीन कुमार, भा0प्र0से0 के पास रहा है ।

राज्य अभिलेखागार तथा अभिलेखागार महानिदेशक का कार्यालय सिंचाई भवन, बी0 ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर 5, पंचकुला के सरकारी भवन में स्थित रहें हैं । मण्डल स्तर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार के कार्यालय कमशः अम्बाला, हिसार तथा रोहतक व गुरूग्राम के कार्यालय का रिकार्ड रोहतक में स्थित हैं ।

विभाग में 42 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 23 पद भरे हुए हैं व 19 पद रिक्त हैं । जिनका विवरण अनुलग्नक 'क' पर उपलब्ध है ।

**बजटः**

विभाग के वर्ष 2016-2017 के मूल बजट में योजनेत्तर पक्ष पर 20,70,0000 रुपये व योजना पक्ष पर 27,00,000 रुपये का बजट प्रावधान किया गया था जिसके समक्ष 1,78,48,227 रुपये योजनेत्तर पक्ष पर तथा 1,77,775 रुपये योजना पक्ष पर खर्च किए गए हैं ।

**अभिलेख प्रबंधन :**

1- आयुक्त गुरूग्राम मण्डल, गुरूग्राम के कार्यालय की वर्ष 1989 से 2005 तक की अवधि की 965 फाइलों/रजिस्ट्रस का सर्वेक्षण किया तथा सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

2- जिला समाज कल्याण अधिकारी झज्जर, के 2115 बण्डलों का मूल्यांकन किया तथा सभी बण्डलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी बण्डलों अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

3- जिला समाज कल्याण अधिकारी, रेवाड़ी के कार्यालय के वर्ष 2006 से 2010 तक के 600 बण्डलों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

4- नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़ की वर्ष 1968 से 2014 तक की 3467 फाइलों का मूल्यांकन किया गया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

5- जिला समाज कल्याण अधिकारी, रोहतक के कार्यालय के 482 बण्डलों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

6- जिला समाज कल्याण अधिकारी, जींद के कार्यालय के वर्ष 2007 से 2010 तक के 492 बण्डलों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

7- जिला समाज कल्याण अधिकारी, भिवानी के कार्यालय के वर्ष 2007 से 2010 तक के 623 बण्डलों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

8- अतिरिक्त आयुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जींद कार्यालय की वर्ष 1981 से 2012 तक की 455 फाईलों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

9- आयुक्त गुरूग्राम मण्डल, गुरूग्राम कार्यालय की वर्ष 1989 से 2004 तक की 2609 फाईलों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

10- जिला समाज कल्याण अधिकारी, हिसार के कार्यालय के वर्ष 2005 से 2010 तक के 1094 बण्डलों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

11- मेनेजिंग डायरेक्टर फाइनेनशियल कारपोरेशन, हरियाणा, चण्डीगढ़ के कार्यालय की वर्ष 1963 से 2014 तक की 4749 फाईलों का मूल्यांकन किया जिसमे दो फाइलें अभिलेखीय महत्व की पाई गई तथा बाकी सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

**अवाप्तियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने निम्न अवाप्तियां की:

1- निदेश्क एंव विशेष सचिव ग्रामीण विकास विभाग से 2 फाइलों अवाप्त की ।

## अभिलेखों की सर्विसिंग :

इस वर्ष के दौरान विभाग ने यहां उपलब्ध अभिलेखों की निम्नानुसार सर्विसिंग की:

1- पुनर्वास विभाग, हरियाणा को उनकी मांग पर 75 फाइलें उपलब्ध करवाई।

## अभिलेख परिरक्षण :

इस वर्ष के दौरान अभिलेख परिरक्षण के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किए गए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बांइडिंग और सिलाई | 1201 पुस्तकें व रजिस्टर |
| 2. | लघु रिपेयर | 4345 पृष्ठ |
| 3. | टिश्यू रिपेयर | 5261 पृष्ठ |
| 4. | डिएसिडिफिकेशन | 6565 पृष्ठ |
| 5. | मैप मउंटिंग | 9 मैप |
| 6. | फोर साईड कटिंग | 5660 पृष्ठ |
| 7. | गैदरिंग एवं गार्डिंग | 3265 पृष्ठ |
| 8. | फलैटनिंग | 16540 पृष्ठ |
| 9. | चेपियां हटाना | 1080 पृष्ठ |
| 10. | फाईल रिपेयर | 53 फाईलें |
| 11. | चिपके हुए पृष्ठों को अलग करना | 600 पृष्ठ |
| 12. | कवरिंग | 150 गजैटस |

**अभिलेखों को व्यवस्थित करना :**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभाग द्वारा गुरूग्राम मंडल गुरूग्राम के रिकार्ड वर्ष 1881 से 1889 की अवधि की 700 फाइलों को व्यवस्थित किया गया । इसके अतिरिक्त करनाल जिले के उर्दू रिकार्ड के 1400 वाल्यूम को तथा वर्ष 1966 से 1984 की अवधि तक के 324 गजट किताबों को व्यवस्थित किया गया ।

**संदर्भ माध्यम :**

विभाग ने उपायुक्त रोहतक से अवाप्त 3166 फाइलों, उपायुक्त करनाल से अवाप्त 120 फाइलों, आयुक्त अम्बाला से अवाप्त 1700 फाइलों तथा पंजाब सरकार के 230 गजट की विषय सूची तैयार की । इसके अतिरिक्त सन् 1967 से 1996 के 30 समाचार पत्र की विषय सूची तैयार की ।

**शोध सुविधाएं :**

विभाग ने 21 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की । जिनका विवरण अनुलग्नक 'ख' पर उपलब्ध है ।

**सूचना का अधिकार अधिनियम :**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत विभाग ने श्री अमन कुमार, म0न0.1053,सैक्टर-25, पंचकूला; श्री असीम तकयार, 114 फेज 1, उद्योग विहार, गुरूग्राम; श्री बलदेव सिंह, सहायक निदेशक क्षेत्रीय अभिलेखागार रोहतक मण्डल, रोहतक; श्री रवि प्रताप सिंह, जे0आई0आई0सी, फ-33, सैक्टर-6, नैऐडा; राजस्व एंव आपदा प्रबन्धन विभाग (हरियाणा सरकार) नव सचिवालय भवन, सैक्टर-17, चण्डीगढ़; श्री सूनिल कुमार, म0न0.420/17, गैस एजेन्सी रोड, गर्ग होस्पिटल के सामने, हांसी, हिसार; श्री उमेद सिंह, सपुत्र स्व0 थानाराम भूतपूर्व लेखाकार गांव व डा0 नागंल सिरोही, त0 व जिला महेन्द्रगढ़; श्री अनुराग सिल्वर सिटी जिरकपुर पंचकूला; श्री अजीत कुमार माईक्रोफोठोग्राफिस्ट, अभिलेखागार विभाग हरियाणा पंचकूला; श्री धर्मवीर सन्धू, वकील चैम्बर न0 105, जिला कोर्ट करनाल; श्री रणधीर डा0 सच्चा खेड़ा, तहसील नरवाला, जीन्द; श्रीमती परमिंदर खुराना, प्रथम तल, म0न0. 23, हेमकुण्ड

कालोनी, नई दिल्ली; श्री धर्मपाल, म0न0.131, माडल टॉउन पानीपत; श्री ज्ञानचंद अरोड़ा सेवानिवृत सहायक निदेशक अभिलेखागार, फलैट न0 3150/2, सैक्टर-44/डी, चण्डीगढ़ को उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध करवाई ।

**माइक्रोफिल्मिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभागीय रिकार्ड में उपलब्ध अम्बाला डिविजन के रिकार्ड की सुरक्षा हेतु उनके लगभग 9000 माइक्रोफिल्म चित्र तैयार किए गए व इनको प्रोसेस किया गया तथा 'द ट्रिब्यून' इंग्लिश समाचार पत्र के सन् 1926 से 1928 के 8000 माइक्रोफिल्म चित्र को चैक किया गया । इसके अतिरिक्त 13 शोधकर्ताओं को माइक्रोफिल्म स्कैनिंग रिडिंग कम प्रिंटिग सुविधा प्रदान की गई ।

**प्रदर्शनियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के अवसरों पर निम्न विवरण अनुसार प्रदर्शनियां आयोजित की:-

| कम | दिनांक | स्थान | अवसर |
|---|---|---|---|
| 1. | 9जुलाई से 10जुलाई 2016 | सी.आई.टी.यू. (हिसार) | 12वां हरियाणा राज्य सम्मेलन |
| 2. | 25सितम्बर 2016 | मुलापुर (हिसार) | सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में |
| 3. | 1से 2 अक्तूबर 2016 | गुरूग्राम | अखिल भारतिय तीन वर्षिय सम्मेलन |
| 4. | 25से 26 अक्तूबर 2016 | अम्बाला शहर | स्वाधीनता से संबंधित दस्तावेजों की प्रदर्शनी |
| 5. | 30नवम्बर से 1दिसम्बर 2016 | (रोहतक) | हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में |
| 6. | 21से 22 दिसम्बर 2016 | झज्जर | हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में |
| 7. | 4से 5 जनवरी 2017 | सोनीपत | हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | 8से 9 फरवरी 2017 | करनाल | हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में |
| 9. | 18से 19 फरवरी 2017 | पानीपत | हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में |
| 10. | 22से 23 फरवरी 2017 | चरखी दादरी | हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में |
| 11. | 8से 9 मार्च, 2017 | गुरूग्राम | हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में |
| 12. | 29से 30 मार्च, 2017 | नूंह | हरियाणा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में |

**चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचनाः**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभाग में चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना शून्य है ।

# अनुलग्नक 'क'

## वर्ष 2016-17 में पदों का विवरण

| पदनाम | पंचकूला | अम्बाला | हिसार | रोहतक | भरे हुए पद | रिक्त पद | कुल स्वीकृत प |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उप निदेशक | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| लेखा अधिकारी | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सहायक निदेशक | 1 | - | - | 1 | 2 | 2 | 4 |
| अधीक्षक | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| अभिलेखपाल | 2 | . | . | 1 | 3 | - | 3 |
| सहायक अभिलेखपाल | 1 | - | - | - | 1 | 5 | 6 |
| माइक्रोफोटोग्राफिस्ट | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सहायक | 3 | - | - | - | 3 | - | 3 |
| सहायक पुस्तकाध्यक्ष | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| अभिलेख रेस्टोरर | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| चालक | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| जूनियर स्केल स्टैनो | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| लिपिक | 1 | - | - | - | 1 | 3 | 4 |
| अभिलेख परिचर | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| बाइंडर | 1 | 1 | - | - | 2 | - | 2 |
| गेट कीपर | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| डार्क रुम अटैन्डेन्ट | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| डस्टिंग बियरर-कम-मैंडर | - | - | 1 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| स्वीपर | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सेवादार | 1 | - | 1 | - | 2 | 1 | 3 |

## अनुलग्नक 'ख'

## वर्ष 2016-17 में विभाग में आए शोधकर्ताओं का विवरण

| कं0 | शोधकर्ता का नाम | शोध का विषय | विश्वविद्यालय/विभाग/संस्थान |
|---|---|---|---|
| | सर्व श्री/श्रीमती | | |
| 1. | अनिता | हरियाणा में महिलाओं का स्तर (1857-1947) | दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली |
| 2. | मनराज सिंह | आधुनिक भारत | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 3. | फयाज हुसैन | इतिहास | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 4. | सटैनजिन यांगडोल | इतिहास | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 5. | जसबीर सिंह | इतिहास | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 6. | सिमरन | नालागढ.-उतर प्रदेश का प्रान्तिय राज्य (1815-1966) | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 7. | ताहिर हुसैन | इतिहास | - |
| 8. | मीनू देसवाल | औपनिवेशिक पंजाब | मिशिगन विश्वविद्यालय, अमेरिका |
| 9. | अनिता अरोड़ा | हरियाणा का इतिहास | टाईमस ऑफ इंडिया |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | निदेशक | इतिहास और कला | हरियाणा अकादमी इतिहास और कला |
| 11. | अजय कुमार | जन संचार | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 12. | गंगा सागर | 20वीं शताब्दी में दक्षिण पूर्व पंजाब के विकास में आर्य समाज की भूमिका | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 13. | नविन | हरियाणा में उच्चतर शिक्षा का इतिहास (1930–1970) | जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय, |
| 14. | सोनल गोयल | प0 नेकी राम शर्मा – हरियाणा कें स्वतंत्रता सैनानी | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 15. | मोहम्मद वसिम | 1857 में मेवात | दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली |
| 16. | अतुल यादव | आधुनिक भारत | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 17. | जगत सिंह हुडडा | हरियाणा का इतिहास | लेखक |
| 18. | इवा प्राशर | सदर बाजार – अम्बाला शहर | दीनबन्धु छोटू राम विश्वविद्यालय, सोनिपत |
| 19. | नीलम रानी | दक्षिण पूर्व पंजाब में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 20. | अमित कुमार | जंडर सटडिज | इंस्टीट्यूट फोर डवेलपमेंट एण्ड कम्युनिकेशन, चण्डीगढ़ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21. | स्वाती झा | ग्रामीण विकास | राजकीय महाविद्यालय, सैक्टर-1,पंचकूला |